श्री काशी संस्कृत ग्रन्थमाला २०९

श्रीवामनाचार्यविरचिततदुपज्ञवृत्तिक-

काव्यालङ्कारसूत्राणि

श्रीगोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालविरचित-

'काव्यालङ्कारकामधेनु'-टीकया हिन्दीव्याख्यया चोपेतानि

(तृतीयाधिकरणमात्रम्)

हिन्दीव्याख्याकारः

डॉ० बेचन झा

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक

पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० १३९

जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी (भारत)

तदुपज्ञवृत्तिक-

काव्यालङ्कारसूत्राणि

श्रीगोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालविरचित-

'काव्यालङ्कारकामधेनु'-टीकया हिन्दीव्याख्यया चोपेतानि

(तृतीयाधिकरणमात्रम्)

हिन्दीव्याख्याकारः

डॉ० बेचन झा

सम्पादकः

कपिलदेव गिरि, साहित्याचार्य, एम० ए०

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक

पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० १३९

जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी

मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी

संस्करण : द्वितीय, वि० संवत् २०३९

मूल्य : रु० ३–००

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्भा विश्वभारती

पोस्ट बाक्स नं० ८४
चौक, (चित्रा सिनेमा के सामने)
वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : ६५४४४

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
209

KĀVYĀLANKĀRA SŪTRA

OF

ĀCHĀRYA VĀMANA

With the

Kāvyālankārakāmadhenu Sanskrit commentary

OF

ŚRĪ GOPENDRA TRIPURAHARA BHŪPĀLA

(Tṛtīyādhikaraṇam)

With Hindi Translation

BY

Dr. BECHANA JHĀ

Prof. of Sanskrit, Patna University, Patna.

Edited with Introduction

BY

KAPILDEO GIRI, Sāhityāchārya, M. A.

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN

Publisher and Distributor of Oriental Cultural Literature

P. O. Chaukhambha, P. Box No. 139
Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane
VARANASI (INDIA)

भूमिका

अलंकारशास्त्र का इतिहास

अलङ्कारशास्त्र का इतिहास बड़ा ही उत्प्रेरक, हृदयग्राही तथा रसपेशल है एवं चित्ताकर्षक है। इतिहास की वाटिका में प्रवेश से पहले 'अलङ्कार' शब्द की थोड़ी निरुक्तिजन्य परिभाषा पर विचार कर लिया जाय तो विषय-वस्तु को समझने में अति सुगमता होगी। संस्कृत अलम् + कृ + घञ् से अलङ्कार शब्द की निष्पत्ति होती है। महाकवि कालिदास ने अलङ्कार शब्द सर्वप्रथम 'भूषण' के अर्थ में प्रयोग किया है (अलङ्कारः स्वर्गस्य—वि०-१.३)। इसके बाद यह 'वर्णन की वह रीति जिसमें चमत्कार और रोचकता आ जाय' अलङ्कार शब्द से अभिहित किया गया जैसे उपमा, रूपक, अनुप्रास आदि। फिर इससे सम्बन्धित जो शास्त्र निर्मित हुए 'अलङ्कार-शास्त्र' के नाम से कहा जाने लगा। आचार्य वामन ने उपमा, रूपकादि की परिधि से ऊपर उठकर अलङ्कार शब्द को अन्तस्तल से निहारा और इसकी रूप-सज्जा पर मुग्ध होकर इसे 'काव्य का सर्वस्व सौन्दर्य है' ऐसा नामकरण कर दिया जो सम्पूर्ण काव्यशास्त्र में अद्भुत है, अप्रतिम है एवं अकल्पित है। इस प्रकार वामनाचार्य ने अलङ्कार को सौन्दर्य का पर्यायवाची स्वीकार करते हुए यों लिखा—

सौन्दर्यमलङ्कारः—का० सू० १।२

फिर इसकी वृत्ति में इसका विशद विवरण इस रूप में दिया—

अलंकृतिरलङ्कारः। करणव्युत्पत्त्या पुनरलङ्कार शब्दोऽयम् उपमादिषु वर्तते ॥ २ ॥

अर्थात् 'वस्तुतः तो अलङ्कार संज्ञा सौन्दर्य को ही दी जा सकती है, उपमा आदि जो अलङ्कार कहा जाता है वह तो सौन्दर्योत्पत्ति में सहायक होने के कारण।' कहने का अभिप्राय यह है कि अलङ्कार फल है, उपाय नहीं। जैसे

पूजा-अर्चना-विधि में मूर्ति भगवान् का कल्पित साधनमात्र है वैसे ही साधन या उपाय के लिए अलङ्कार शब्द का प्रयोग है। संस्कृत से 'अलम्' अव्यय है। इसका अर्थ 'पर्याप्त' एवं 'पूर्ण' है। इसलिए भारतीय संस्कृति में 'ब्रह्म' को 'अलं' शब्द से कहा गया है; क्योंकि ब्रह्म ही एक पूर्ण है। इस प्रकार कवि की भावाभिव्यक्ति में जो शब्दसृष्टि हुई वह ब्रह्मसृष्टि हुई। तब 'अलम्' और 'ब्रह्मन्' में मूलतः कोई भेदक रेखा प्रतीत नहीं होती। फिर ब्रह्म से बढ़कर इस विश्व में कोई 'सौन्दर्य' का बोधक तत्त्व नहीं दीखता। कालक्रम से 'सौन्दर्य' शब्द ही 'सूनर' रूप में हमें भोजपुरी के द्वार पर प्राप्त हुआ है। जिसका उत्स ऋग्वेद में भी बता दिया गया है। यदि यह अपभ्रंश 'सूनर' सचमुच में ऋग्वेद में अपना अस्तित्व कायम करता है तो कहना पड़ेगा कि अपभ्रंश का बीज अंकुर के रूप से वट वृक्ष के रूप में ऋग्वेद काल में खड़ा था जिसे भाषा वैज्ञानिकों को परखना चाहिए। अस्तु; सचमुच में वामन की कल्पना एक दार्शनिक की कल्पना है जिसने सौन्दर्य को 'अलङ्कार' उद्घोषित किया। इस प्रकार यह अलङ्कार संज्ञा समग्रसंज्ञा के रूप में है जिस प्रकार वाक्विश्व में ब्रह्मसंज्ञा। इस प्रकार अलङ्कार-शास्त्र काव्य एवं काव्यशास्त्र के सौन्दर्य को सुसम्पन्न करने वाले समस्त उपकरणों का प्रतिपादक शास्त्र है। अतः 'अलङ्कार' शब्द का यही व्यापक अर्थ है।

अलङ्कारशास्त्र यह कहीं से उधार लिया हुआ नहीं है यह तो इसी धरती की उपज है। भारतवर्ष बड़ा सुन्दर सुभूमिदेश है। इसके दो रूप हैं : एक चिन्मय भारत, दूसरा मृण्मय भारत। मृण्मय भारत इसका बाहरी रूप है जबकि चिन्मय भारत आन्तरिक। इसका बाहरी रूप जितना ही नयनाभिराम है आन्तरिक रूप भी उतना ही देदीप्यमान है। यहाँ गंगा-जमुना की धारा में चन्द्रिका की तरह सरस्वती की निर्मल कान्तिमय धारा प्रवाहित होती रहती है तथा इसी सारस्वत-भूमि में प्रकृति नारी की रमणीय रंगस्थली में आर्यों की सामगीति का गुञ्जन हुआ और ललितकला तथा कमनीय कविता से इसकी कांति निखर उठी। फलतः इसी भारत भूमि पर कोमल कविता की उत्पत्ति हुई है। नाट्यकला की परिधि से बाहर आकर इसने अपना स्वतंत्र सत्ता कायम किया। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संस्कृत साहित्य के आदिकवि के रूप में आते हैं, साथ ही उन्हें आदिम आलोचक के रूप में भी हम पाते हैं। कविता का उदय कवि की कारयित्री प्रतिभा

से होता है और भावयित्री प्रतिभा से भावकता का। महर्षि वाल्मीकि में ये दोनों प्रतिभायें पूर्णरूप में प्राप्त होती हैं। कितना कारुणिक वह दृश्य रहा होगा जब क्रूर व्याध के बाण से घायल होकर क्रौञ्चपक्षी भूलुण्ठित हुआ होगा और उसकी मादा क्रौञ्ची का हृदय विदारक रुदन हुआ होगा। तभी तो विलख-विलख कर रोनेवाली क्रौञ्ची के करुण क्रन्दन को सुनकर आदिकवि से रहा नहीं गया और उस तपःपूत ऋषि के मुँह से निम्नोक्त श्लोक बरबस निकल पड़ा—

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

फिर इसकी व्याख्या के रूप में महर्षि की भावाभिव्यक्ति इस प्रकार प्रस्फुटित होती है—

समाक्षरैश्चतुर्भिर्यः पादैर्गीतो महर्षिणा।
सोऽनु व्याहरणाद् भूयः शोकः श्लोकत्वमागतः॥ वा० का० २।४०

व्याध का बाण क्रौंच पक्षी पर नहीं आघात करता, बल्कि ऋषि के हृदय को वेधता है तभी तो वह क्रांतदर्शी आदिकवि 'श्लोक' के साथ 'शोक' का समीकरण करता है। इसलिए वह परम उच्चकोटि का भावक कवि है, आलोचक है[1], समीक्षक है। हृदय की भावाभिव्यक्ति ही कविता का मूल स्रोत है। कवि के हृदय में तरंगित होनेवाले विचारों, भावों को शब्द सुमनों द्वारा गुंफित ललित वस्तु को ही 'कविता' कहते हैं। श्रोताओं तक अपनी भावाभिव्यक्ति को पहुँचाने के लिए कवि का हृदय भावों द्वारा पूर्ण होकर जबतक छलकता नहीं; अपनी अनुरागमयी भावाभिव्यक्ति के लिए शब्दों का कञ्चनमय कमनीय कलेवर जब तक भाव नहीं ग्रहण करता तब तक नवरंगी कविता कामिनी की उत्पत्ति नहीं होती। इसलिए महर्षि वाल्मीकि महान् आलोचक कवि हैं। महाकवि कालिदास[2] और आनन्दवर्धन[3] ने भी शोक तथा श्लोक का समीकरण करने वाले महर्षि वाल्मीकि को महाकवि तथा महान् आलोचक अंगीकार किया है। इसका निष्कर्ष यह हुआ कि संस्कृत कविता के जन्म के साथ ही साथ संस्कृत आलोचना शास्त्र का भी जन्म

---

१. देखिये—पं० बलदेव उपाध्याय : संस्कृत शास्त्रों का इतिहास, पृ० १५७
२. रघु० १४।७०, ३. ध्वन्यालोक—१।८।

हुआ। जिस प्रकार आदिकवि की राममयी कविता को जीवनदायिनी सरस्वती की धारा मानकर बाद के महाकवियों ने अपने महाकाव्य का भव्य स्वरूप निर्धारित किया उसी प्रकार आलङ्कारिकों ने भी काव्य स्वरूप का महनीय संकेत इसी आदिम महाकाव्य रामायण से ग्रहण किया और अपने अलङ्कारशास्त्र को अनुप्राणित किया।

प्राचीन परम्परा

अलङ्कारशास्त्र आलोचकों की सूक्ष्म आलोचना-पद्धति का पर्याप्त सूचक है। यह लौकिक लक्षण-ग्रन्थों के पूर्ण ज्ञान के लिए अति उपयोगी शास्त्र है। प्राचीनता के सन्दर्भ में अलङ्कारशास्त्र का मूल स्रोत वैदिक साहित्य में भी उपलब्ध हो जाता है। अलङ्कारों में उपमालङ्कार अत्यन्त प्राचीन है। ऋग्वेद[1] की ऋचा में उषा के वर्णन में चार उपमायें एक साथ दी गई हैं। इसी प्रकार अतिशयोक्ति अलङ्कार भी ऋग्वेद में[2] है। उपनिषदों में भी अलङ्कारों की चर्चा आई है। कठोपनिषद् में रूपकालङ्कार का सुन्दर वर्णन मिलता है।[3] निरुक्त में भी उपमा की उपलब्धि होती है। पाणिनि के अष्टाध्यायी में भी उपमा का उल्लेख है (उपमानानि सामान्यवचनैः—२।१।५५)। ऋग्वेद में इसका उल्लेख होने से राजशेखर[4] ने अलङ्कारशास्त्र को वेद का अङ्ग स्वीकार किया है। भामह ने अपने ग्रन्थ को 'काव्यालङ्कार' कहा है और वामन ने भी अपने ग्रन्थ को 'काव्यालङ्कारसूत्र' कहा है चूँकि वृत्ति भी उन्हीं की बनाई हुई है अतः ग्रन्थ का पूरा नाम 'काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति' है। अतः 'अलङ्कार' तथा अलङ्कार से सम्बन्धित शास्त्र अलङ्कारशास्त्र कहा जाता है और यह नाम अति प्राचीन है। इसकी परम्परा भी प्राचीन है। इसमें सन्देह की कोई गुंजाइश नहीं है। अलङ्कार युग ही इसके नामकरण में प्रथम भूमिका का निर्वाह करता है। राजशेखर ने अपने काव्यमीमांसा में अलङ्कारशास्त्र की प्राचीनता की एक रोचक कथा दी है। उनके अनुसार भगवान् शिव ने इस अलङ्कारशास्त्र की शिक्षा सबसे पहिले ब्रह्मा को दी; फिर ब्रह्मा ने इसका उपदेश अनेक देवताओं और ऋषियों को दिया; फिर

---

१. ऋ० वे० १।१४।७। २. ऋ० १।१६४।२०। ३. कठो० १।३।३। द्र०—पं० बलदेव उपाध्याय—संस्कृत शास्त्रों का इतिहास, पृ० १५२।

४. काव्यमीमांसा।

भरत ने रूपक का निर्माण किया। इस प्रकार भरत रचित नाट्यशास्त्र ही नाट्य तथा अलङ्कार का प्राचीन ग्रन्थ के रूप में उपस्थित हुआ। इसे भारतीय ललितकलाओं का विश्वकोश के रूप में माना गया है। यद्यपि इसमें प्रधानता नाट्य की है तथापि यहाँ अलङ्कारशास्त्र; संगीतशास्त्र तथा छन्दशास्त्र आदि शास्त्रों के मूल सिद्धान्तों का स्पष्ट रूप से उल्लेख है। भरत से आगे भामह, दण्डी, वामन, उद्भट आदि के द्वारा गतिशील होते हुए पण्डित जगन्नाथ तक इसने अपना अस्तित्व कायम रखा है। इस अवधि में अलङ्कारशास्त्र के विचारों का काफी मंथन हुआ, जिसके परिणाम स्वरूप अनेक आलङ्कारिकों की प्रतिभा से अलङ्कार-शास्त्र का भण्डार भरा है।

सम्प्रदायों में बँधा हुआ अलङ्कारशास्त्र

अलङ्कारशास्त्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि उसमें अनेक सम्प्रदाय हो गए थे। आलङ्कारिकों के सामने मुख्य विषय था काव्य की आत्मा का विवेचन, यानी वह वस्तु कौन है जिसके रहने पर काव्यत्व विद्यमान रहता है। अतः काव्य रूप उस महामनस्वी के परम सत्ता को, विभिन्न रूपों को परखा और काव्य के विभिन्न अंगों पर अच्छी तरह विचार करने के उपरान्त अलङ्कारशास्त्री जब उस काव्यरूपी आत्मा की खोज में गए तो किसी ने अलङ्कार को ही काव्य का मूल तत्त्व पाया, किसी ने गुण या रीति के रूप में प्राप्त किया तो किसी ने ध्वनि को ही काव्य का स्वरूप बताया, तो किसी ने रस को ही काव्य का मूलाधार ठहराया। इस प्रकार यह भेद बढ़ते गया जो एक सम्प्रदाय का रूप धारण कर लिया। इन सम्प्रदायों के उदय की कहानी अलङ्कारसर्वस्व के टीकाकार समुद्रबन्ध ने प्रामाणिक शैली में लिखी है। विशेष विवरण को इतिहास के सन्दर्भ में अवलोकनीय है। वामन के पहले तक इन सम्प्रदायों के छः भेद मिलते हैं:—

१. रससम्प्रदाय—भरतमुनि, नन्दिकेश्वर।
२. अलङ्कारसम्प्रदाय—भामह, उद्भट तथा रुद्रट।
३. गुणसम्प्रदाय या रीतिसम्प्रदाय—दण्डी तथा वामन।
४. वक्रोक्तिसम्प्रदाय—कुन्तक।

५. ध्वनिसम्प्रदाय—आनंदवर्धन तथा अभिनवगुप्त।

६. औचित्यसम्प्रदाय—क्षेमेन्द्र।

डॉ. रेवा प्रसाद द्विवेदी केवल दो ही सम्प्रदाय शुद्ध मानते हैं. १. अलंकार सम्प्रदाय, २, ध्वनि सम्प्रदाय। इसलिये कि इन छः सम्प्रदायों की चर्चा प्राचीन काव्यशास्त्र में सम्प्रदाय नाम से नहीं मिलती।[१] वाचस्पति गैरोला के संस्कृत साहित्य के इतिहास में पाँच सम्प्रदायों की तालिका हैं जब कि पं० बलदेवजी उपाध्याय के संस्कृत साहित्य के इतिहास में ६ सम्प्रदायों का स्पष्ट निर्देश है। अतः आलंकारिकों का अलग-अलग विवरण वहीं देखना चाहिए। यहाँ रीति सम्प्रदाय की संक्षिप्त रूपरेखा देकर आचार्य वामन की स्थिति तथा रचना का दक्दर्शन मात्र कराना उद्देश्य है।

रीतिसम्प्रदाय

सुन्दर अभिव्यक्ति के विधान, ढङ्ग या आकर्षक प्रतिपादन शैली को ही रीति कहते हैं।[२] अलंकारशास्त्र के प्राचीन आचार्य भामह तथा दण्डी ने रीति के दो मार्गों का निर्देश किया है। गद्यकाव्य के निर्माता बाण ने 'गौड़जनों' को शब्दाडम्बर के लिए कुख्यात बताकर रीति सम्प्रदाय के पूर्वाभास का संकेत किया है। इसलिये भामह से पहले बाण को रखकर कुछ विद्वानों ने रीति-सम्प्रदाय का आरंभ माना है।[३] किन्तु यह बात ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में कट जाती है इसलिए कि बाण कवि भामह के बाद ठहरते हैं।

आचार्य वामन

रीति-सम्प्रदाय के प्रधान प्रतिपादक आचार्य वामन हैं। इन्होंने अपनी रचना 'काव्यालंकारसूत्रवृत्ति' में 'काव्य की आत्मा रीति है' यह स्पष्ट उल्लेख किया है—

---

१. द्र०—अनन्दवर्धन। सं०—रेवाप्रसाद द्विवेदी तथा हिन्दी काव्यालंकार सूत्राणि, भूमिका, पृ० ७, चौ० प्र०।

२. दे०—वाचस्पति गैरोला-संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० ९८०-चौ० वि० वाराणसी।

३. वही, एस० के० दे०, हिस्ट्री आफ संस्कृत पोइटिक्स, भाग २, पृ० ९४।

रीतिरात्मा काव्यस्य—का० सू० १।२।६

फिर यह रीति क्या है? पदों की विशिष्ट रचना ही है—

विशिष्टपद-रचना रीतिः—का० सू० १।२।६

इसलिये रीति गुणों के ऊपर अवलंबित रहती है। इसलिए रीतिमत गुण सम्प्रदाय के नाम से पुकारा जाता है—

विशेषो गुणात्मा—वही, सू०—८

उक्त वाक्य-संदर्भ का निचोड़ यह है:—

गुण काव्य की आत्मा है, क्योंकि वही काव्य में उस सौन्दर्य को पैदा करता है, जिससे काव्य में उत्कृष्टता एवं ग्राह्यता आ जाती है।

यहाँ आत्मा शब्द एक लाक्षणिक रूप में प्रस्थापित हुआ है जिससे वाक्य का अर्थ यों निकलता है—

'काव्य की आत्मा सौन्दर्य है और वह उसमें गुण तत्त्व से प्रकट होता है। यही कारण है कि डॉ० रेवा प्रसाद द्विवेदी आचार्य वामन को सौन्दर्य सम्प्रदाय का प्रवर्तक मानते हैं, न कि रीति-सम्प्रदाय या गुण-सम्प्रदाय का।[1] श्री गैरोला, आचार्य वामन को रीति प्रवर्तक मानते हैं। पं० बलदेव उपाध्याय भी इन्हें रीतिमत के प्रधान प्रतिपादक मानते हैं। जहाँ दण्डी ने गौड़ी और वैदर्भी के भेद को प्रतिपादित किया उसी में 'पाञ्चाली' एक भेद जोड़कर वामन ने अपना लक्षण इस प्रकार दिया—

सा त्रेधा वैदर्भी गौड़ीया पाञ्चाली चेति ॥ ६ ॥

इस प्रकार रीति-सम्प्रदाय ने अलंकार और गुण का अलग-अलग स्पष्ट भेद दिखाकर अलंकार साहित्य का बड़ा ही उपकार किया है। आचार्य वामन के काव्य-चिन्तन में क्रान्तिकारी चिन्तन तथा रीतिसम्प्रदाय का चरम उत्कर्ष दिखाई पड़ता है। यही हिन्दी काव्यों में आकर अपना एक 'रीतिकाल' ही निर्धारण कर लिया है जिसमें आचार्य केशव तथा चिन्तामणि केन्द्र-बिन्दु के रूप में हैं।

---

१. दे०—हिन्दी काव्यालंकारसूत्राणि—भूमिका, पृ० २७।

वामन की स्थिति

आचार्य वामन कश्मीर नरेश जयापीड के मन्त्री थे। यह कल्हण की राजतरंगिणी के निम्नोक्त श्लोक से विदित होता है। श्लोक इस प्रकार है :—

मनोरथः शंखदत्तश्चटकः सन्धिमाँस्तथा।
बभूवूः कवयः तस्य वामनाद्याश्च मन्त्रिणः॥ रा० ४।४८

इस आधार पर वामन की स्थिति आठवीं शताब्दी ठहरती है। पं० बलदेव उपाध्यायजी ने जयापीड़ का समय अष्टम शतक का अंतिम भाग माना है अतः वामन का भी यही समय है।[1] किन्तु उद्भट और वामन एक ही राजा जयापीड के आश्रित होकर भी एक दूसरे के विषय में कुछ नहीं बताते, यह ऐतिहासिक सन्दर्भ में कष्ट कर प्रतीत होता है। फिर भी 'काशिकावृत्ति' के रचयिता वामन से आलंकारिक वामन भिन्न थे। अपनी रचना के सन्दर्भ में वामन की समीक्षा तथा आलोचना दोनों ही अद्भुत हैं।

रचना

इनकी रचना का नाम है 'काव्यालंकारसूत्र'। इसमें अलंकारशास्त्र के सभी सिद्धान्तों का विवेचन सूत्र रूप में किया गया है और इन सूत्रों पर वृत्ति भी स्वयं लिखी है। यह बात ग्रन्थ के मङ्गल श्लोक से स्पष्ट है। ग्रन्थ की शैली पर महर्षि वात्सायन के कामसूत्र का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। सम्पूर्णग्रन्थ में कुल पाँच अधिकरण हैं। प्रथम (शारीर) अधिकरण में काव्य के प्रयोजन, रीति तथा वैदर्भी, गौड़ी, पाञ्चाली रीतियों का वर्णन है। द्वितीय (दोषदर्शन) अधिकरण में पद, वाक्य तथा वाक्यार्थ के दोष दर्शाये गए हैं। तृतीय (गुणविवेचन) में दश गुणों के शब्दगत तथा अर्थगत होने से बीस भेद प्रतिपादित हैं। चतुर्थ (आलंकारिक) में शब्दालंकार तथा अर्थालंकार के लक्षण और उदाहरण हैं। अंतिम अधिकरण में काव्यसमय तथा शब्दशुद्धि की चर्चा है। प्रस्तुत पुस्तक मात्र तृतीय अधिकरण पाठ्यपुस्तक में निर्धारित है अतः विशेष के लिए सम्पूर्ण पुस्तक पठनीय है। ग्रन्थ के परिशीलन से इनकी काव्य-प्रतिभा की परख सुन्दर ढंग से हो जाती है। इत्यलम्

माघी पूर्णिमा,
वि० सं० २०३९

कपिलदेव गिरि

---

1. दे—सं० सा० इतिहास, पृ० ५७९।

पण्डितवरवामनविरचितसवृत्ति-

काव्यालङ्कारसूत्राणि

सानुवाद'काव्यालङ्कारकामधेनु'व्याख्यासहितानि

तृतीयाधिकरणे प्रथमोऽध्यायः

देव्याः कृतिषु दीव्यन्त्या वाचां वैचित्र्यकारिणीम् ।
चेतोहरचमत्कारां प्रस्तौमि गुणविस्तृतिम् ॥ १ ॥

अथ गुणविवेचनं तृतीयमधिकरणमारभ्यते—

यद्विपर्ययात्मानो दोषास्तान् गुणान् विचारयितुं गुणविवेचनमधिकरणमारभ्यते । तत्रौजःप्रसादादयो गुणा यमकोपमादयस्त्वलङ्कारा इति स्थितिः काव्यविदाम् । तेषां किं भेदनिबन्धनमित्याह—

काव्यशोभायाः कर्तारो धर्मा गुणाः ॥ १ ॥

ये खलु शब्दार्थयोर्धर्माः काव्यशोभां कुर्वन्ति ते गुणाः । ते चौजःप्रसादादयः । न यमकोपमादयः । कैवल्येन तेषामकाव्यशोभाकरत्वात् । ओजःप्रसादादीनां तु केवलानामस्ति काव्यशोभाकरत्वमिति ॥ १ ॥

हिन्दी—जिनके विपर्यय स्वरूप दोष होते हैं उन गुणों का विचार करने के लिए गुणविवेचन नामक अधिकरण आरम्भ किया जाता है । उसमें ओज, प्रसाद आदि गुण और यमक, उपमा आदि अलङ्कार हैं, यह काव्यज्ञों का

सिद्धान्त है। उन (गुण और अलङ्कार) में क्या भेद का कारण है उसे निरूपित करने के लिए कहते हैं—

काव्य-शोभा के उत्पादक धर्म गुण होते हैं ॥ १ ॥

उक्तवक्तव्यसङ्गतिमुल्लिङ्गयति—यद्विपर्ययात्मानो दोषा इति। निर्वृत्ते दोषनिरूपणे तत्प्रतिभटानां गुणानां निरूपणं लब्धावसरमिति सङ्गतिः। गुणा अलङ्कारेभ्यो विविच्यन्ते। ते च परस्परं विविच्यन्ते विभज्यन्तेऽस्मिन्निति गुणविवेचनं नामाधिकरणमारभ्यते। 'काव्यशोभाकरान् धर्मानलङ्कारान् प्रचक्षते। काश्चिन्मार्गविभागार्थमुक्ताः प्रागप्यलंक्रियाः' इति दण्डिमतं खण्डयितुं गुणालङ्कारभेदं दर्शयिष्यन् पीठिकां प्रतिष्ठापयति—तत्रेति। काव्यविदां कविकर्ममर्मविदाम् ओजः प्रसादादीनां गुणा इति यमकोपमादीनामलङ्कारा इति च विभिन्नव्यवहारविषयत्वं व्यवस्थितमित्यर्थः। उत्तरसूत्रं प्रश्नपूर्वकं प्रसञ्जयति। तेषामिति। तेषां गुणालङ्काराणां भेदस्य किं निबन्धनं कारणमिति प्रश्नः। व्याचष्टे–ये खल्विति। गुणा वस्तुतो रीतिनिष्ठा अपि उपचाराच्छब्दधर्मा इत्युक्तम्। एतच्च गुणोद्देशसूत्रे कुशलमुपपादयिष्यामः। गुणशब्दप्रवृत्तिनिमित्तमयोगाऽन्ययोगव्यवच्छेदाभ्यां परिच्छेत्तुं प्रक्रमते। ते चेति। अन्ययोगव्यच्छेदं तावदाख्याति—कैवल्येनेति। तेषामलङ्काराणां कैवल्येन गुणसाहचर्याभावेन काव्यशोभाकलनाक्षमत्वादित्यर्थः। आयोगं व्यवच्छिनत्ति। ओजः प्रसादादीनां त्विति। केवलानामसाहचर्याणामस्त्येवेति सम्बन्धः ॥ १ ॥

अलङ्कारपदप्रवृत्तिनिमित्तमावेदयितुमाह—

तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः॥ २ ॥

तस्याः काव्यशोभाया अतिशयस्तदतिशयस्तस्य हेतवः। तुशब्दो व्यतिरेके। अलङ्काराश्च यमकोपमादयः। अत्र श्लोकौ—

युवतेरिव रूपमङ्गकाव्यं स्वदते शुद्धगुणं तदप्यतीव।
विहितप्रणयं निरन्तराभिः सदलङ्कारविकल्पकल्पनाभिः ॥ १ ॥

यदि भवति वचश्च्युतं गुणेभ्यो वपुरिव यौवनवन्ध्यमङ्गनायाः।
अपि जनदयितानि दुर्भगत्वं नियतमलङ्करणानि संश्रयन्ते ॥२॥

हिन्दी—शब्द एवम् अर्थ के जो धर्म काव्य की शोभा को उत्पन्न करते हैं वे गुण हैं। वे (गुण) ओज, प्रसाद आदि हैं, यमक, उपमा आदि नहीं। क्योंकि केवल वे (यमक, उपमा आदि अलङ्कार) काव्य की शोभा को उत्पन्न नहीं कर सकते। किन्तु ओज, प्रसाद आदि गुण तो केवल भी अर्थात् अलङ्कारों के बिना भी, काव्य की शोभा को उत्पन्न कर सकते हैं।

उस काव्यशोभा के अतिशय के हेतु अलङ्कार हैं ॥ २ ॥

तदतिशयहेतव इति। जडबुद्धिषु जातानुग्रहो विग्रहमाह—तस्य इति। तुशब्द इति। व्यतिरेको भेदः। 'तुः स्याद्भेदेऽवधारणे' इत्यमरः। अमुमेवार्थमन्वयव्यतिरेकाभ्यामभियुक्तसंवादेन द्रढयति। अत्र श्लोकाविति। शुद्धा अलङ्काराऽसङ्कलिता गुणा ओजःप्रसादादयो लावण्यादयश्च यस्य तत्। गुणमात्रविशिष्टमपि काव्यं युवते रूपमिव स्वदते रोचते रसिकेभ्य इति। निरन्तराभिर्निबिडाभिः। अलङ्कारा यमकोपमादयः कटकादयश्च तेषां विकल्पा विच्छित्तयस्तेषां कल्पनाभी रचनाभिः। विहितप्रणयं रचितानुबन्धं सत् काव्यं युवते रूपमिवातीवातिमात्रं स्वदते। इत्यन्वयमुक्त्वा व्यतिरेकमाह यदीति। वचः काव्यात्मकं गुणेभ्यश्च्युतं यदि, तद्वचो, यौवनवन्ध्यं लावण्यशून्यमङ्गनाया वपुरिव भाति। तदा जनदयितान्यपि लोकप्रियाण्यपि, अलङ्करणानि, नियतमवश्यं, दुर्भगत्वं सौन्दर्यवैधुर्यादनादरणीयत्वं संश्रयन्ते इति श्लोकद्वयार्थः ॥ २ ॥

विरुद्धधर्माध्यासो भावं भिन्द्यादिति न्यायेन नित्यत्वानित्यत्वाभ्यां गुणालङ्कारभेदः सिद्ध इति दर्शयितुमाह—

पूर्वे नित्याः ॥ ३ ॥

पूर्वे गुणा नित्याः। तैर्विना काव्यशोभानुपपत्तेः ॥ ३ ॥

हिन्दी—उस काव्यशोभा का अतिशय तदतिशय है, उसके हेतु अलङ्कार

हैं। तु शब्द का प्रयोग गुण और अलङ्कार के भेदप्रदर्शन के लिए हुआ है। यमक और उपमा आदि अलङ्कार हैं। इस प्रसङ्ग में दो श्लोक हैं—

शुद्धगुण युक्त वह काव्य युवती के अलङ्काररविहीन शुद्ध रूप के समान अत्यन्त रुचिकर होता है। अत्यन्त अलङ्कार-रचनाओं से विभूपितरूप अत्यानन्ददायक होता है।

यदि काव्य ओज, प्रसाद आदि गुणों से शून्य हो तो स्त्री के यौवन शून्य देह के समान वह सुन्दर नहीं होती और लोकप्रिय गहने भी शोभन नहीं होते ॥ २ ॥

हिन्दी—गुण और अलङ्कार इन दोनों में प्रथम नित्य हैं।

पूर्व अर्थात् गुण नित्य हैं, क्योंकि उनके विना काव्य की शोभा उत्पन्न नहीं होती ॥ ३ ॥

पूर्वे नित्या इति। पूर्वे गुणा नित्या इत्युक्तेऽन्ये पुनरलङ्कारा अनित्या इति गम्यते एव। गुणानां नित्यत्वे हेतुस्तैर्विनेति। गुणान्वयव्यतिरेकानुविधायित्वात् काव्यशोभाया इत्यर्थः ॥ ३ ॥

एवमभेदमतं खण्डितम्। अथोक्तानुवादपूर्वकमुद्देशसूत्रमुदीरयति—

एवं गुणालङ्काराणां भेदं दर्शयित्वा शब्दगुणनिरूपणार्थमाह—

ओजःप्रसादश्लेषसमतासमाधिमाधुर्यसौकुमार्यो-दारताऽर्थव्यक्तिकान्तयो बन्धगुणाः ॥ ४ ॥

बन्धः पदरचना, तस्य गुणा बन्धगुणाः ओजःप्रभृतयः ॥ ४ ॥

हिन्दी—इस तरह गुणों तथा अलङ्कारों के भेद दिखाकर शब्दगत गुणों के निरूपण करते हैं।

ओज, प्रसाद, श्लेष, समता, समाधि, माधुर्य, सौकुमार्य; उदारता, अर्थव्यक्ति और कान्ति (ये दश) बन्ध के गुण हैं।

बन्ध का अर्थ है पद रचना, उसके गुण ओज प्रभृति बन्धगुण हैं ॥ ४ ॥

एवमिति। वस्तुतो रीतिधर्मत्वेऽपि गुणानामात्मलाभस्य शब्दार्थाधीनत्वात् तस्य निरूप्यत्वाच्च शब्दार्थधर्मत्वमुपचारादुक्तम्। अथ शब्दनिष्ठा गुणा इदानीं मुख्यया वृत्त्या रीतिधर्मत्वमिति आत्मसिद्धान्त-

माविष्कुर्वन् सौत्रं पदं व्याकरोति—बन्धः पदरचना तस्य गुणा इति । न तु शब्दार्थयोरिति शेषः । एवञ्च सत्युपक्रमोपसंहारलिङ्गैराचार्यतात्पर्यपर्यालोचनायामात्मभूतरीतिनिष्ठा गुणास्तच्छरीरभूतशब्दार्थनिष्ठाः पुनरलङ्कारा इति निश्चीयते । अतो मन्यामहे गुणत्वादोजःप्रभृतीनामात्मनि समवायवृत्त्या स्थितिरलङ्कारत्वाद्यमकोपमादीनां शरीरे संयोगवृत्त्या स्थितिरिति ग्रन्थकारस्याभिमतमिति । न ह्यविपश्चिदपि कश्चिदभिजानीयादभिवदेद्वा न गुणानामात्मनि रीताविवालङ्काराणां शरीरभूते शब्दार्थयुगले समवायवृत्त्या स्थितिरिति । एवञ्च गुणाऽलङ्काराणामुभयेषामपि समवायवृत्त्या स्थितिरित्यभिमन्यमानैर्भेदाभिधानं गड्डरिकाप्रवाहनयेनेति यदुक्तं तन्निरस्तम् । किञ्च रीतिरात्मा काव्यस्येति शब्दार्थयुगलकाव्यशरीरस्य रीतिमात्मानमुपपाद्य, विशिष्टा पदरचना रीतिरिति रीतिं लक्षयित्वा, विशेषो गुणात्मेति गुणमात्रस्यैवात्मभूतरीतिनिष्ठत्वे प्रतिष्ठापिते यमकोपमादीनामलङ्काराणां तच्छरीरभूतशब्दार्थनिष्ठत्वमर्थात् समर्थितं भवति । अत एवोजःप्रसादादीनां गुणत्वं यमकोपमादीनामलङ्कारत्वमिति च व्यपदेशभेदोऽप्युपपद्यते । एवञ्च सति पूर्वे नित्या इति सूत्रे गुणानां नित्यत्वमलङ्काराणाम् अनित्यत्वमित्यादि सूत्रयता सूत्रकृता गुणानां काव्यव्यवहारप्रयोजकत्वमुक्तं भवति । तथा च परमते व्यङ्ग्यस्य प्राधान्ये ध्वनिरुत्तमं काव्यं, गुणभावे गुणीभूतव्यङ्ग्यं मध्यमं काव्यं, सम्भावनामात्रे चित्रमपरं काव्यमिति काव्यभेदाः कथिताः । तथात्रापि गुणसामग्र्ये वैदर्भी, अविरोधगुणान्तरानिरोधेन ओजःकान्तिभूयिष्ठत्वे गौडीया, माधुर्यसौकुमार्यप्राचुर्ये पाञ्चालीति काव्यभेदाः कथ्यन्ते । रीतिध्वनिवादमतयोरियांस्तु भेदः । ध्वनिरात्मा काव्यस्य, स एवं तद्व्यवहारप्रयोजक इत्युभयत्राप्यात्मनिष्ठा गुणाः । शब्दार्थयुगलं शरीरं, तन्निष्ठा अलङ्कारा इति च सर्वमविशिष्टम् किं समस्तैर्गुणैः काव्यव्यवहारः ? उत कतिपयैः ? यदि समस्तैस्तत् कथमसमस्तगुणा गौडीया पाञ्चाली वा रीतिः काव्यस्यात्मा । अथ कतिपयैः 'अद्रावत्र प्रज्वलत्यग्निरुच्चैः प्राज्यः प्रोद्यन्नुल्लसत्येष धूमः' इत्यादावोजःप्रभृतिषु गुणेषु सत्सु काव्यव्यवहारप्राप्तिः । 'स्वर्गप्राप्ति-

रनेनैव देहेन वरवर्णिनि। अस्या रदच्छदरसो न्यक्करोतितरां सुधाम्' इत्यादौ गुणनैरपेक्ष्येण विशेषोक्तिव्यतितिरेकालङ्कारयोरेव काव्यव्यवहारप्रयोजकत्वं च दृश्यत इति स्वसंकल्पमात्रकल्पितविकल्पानां नावश्यमवकाशं पश्यामः। अथापि यदि पाण्डित्यकण्डूलवैतण्डिकचण्डिम्ना चिखण्डयिषा परस्य तर्हि स्वमतं पृष्टः स्वयमेवाचष्टाम्। 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि' इति काव्यसामान्यलक्षणे शब्दार्थयोर्गुणसाहित्यमिष्यते। किं गुणसमष्टिविशिष्टं काव्यं, तद्व्यष्टिविशिष्टं वा। नाद्यो निरवद्यः। एकैकगुणोदाहरणेषु काव्यत्वाभावप्रसङ्गात्। गुणसमष्टिवैशिष्ट्याभावान्न द्वितीयः। वस्त्वलङ्कारध्वनिषु गुणिनो रसस्याऽभावेन गुणस्यैवाभावात्। किञ्च, सर्वे रसाः संभूय काव्यात्मीभवन्ति ? उत करो रसः ? आद्ये न कुत्रापि काव्यात्मसम्भावना। विरोधिरसानामैकाधिकरण्यासम्भवात्। द्वितीये वस्त्वलङ्कारध्वनिषु रसासम्भवात्। आत्मविधुरेषु काव्यव्यवहाराभावप्रसङ्ग इत्यलं परमतदोषोद्घाटनपाटवप्रकटनेन। प्रकृतमनुसरामः ॥ ४ ॥

उद्देशक्रमादमीषां गुणानामसाधारणधर्मानाख्यातुमारभते।

तान् क्रमेण दर्शयितुमाह—

गाढबन्धत्वमोजः ॥ ५ ॥

बन्धस्य गाढत्वं यत् तदोजः।

यथा—'विलुलितमकरन्दा मञ्जरीर्नर्तयन्ति'।

न पुनः—'विलुलितमधुधारा मञ्जरीर्लोलयन्ति' ॥ ५ ॥

हिन्दी—क्रम से उन दश गुणों को दिखलाने के लिए कहते हैं—

रचना का गाढत्व ओज गुण है।

बन्ध की जो गाढता है वह ओज़ गुण है। अर्थात् अक्षरविन्यास की पारस्परिक संश्लिष्टता से बन्ध की गाढता है।

मकरन्द को चंचल करते हुए भ्रमर मंजरियों को नचाते हैं।

परन्तु—मधुधारा को चंचल बनाते हुए भ्रमर मंजरियों को कपाते हैं।

इस श्लोक में ओजगुण नहीं है। मकरन्द की जगह 'मधु-धारा' तथा 'नर्तयन्ति' की जगह 'ल्होलयन्ति' करने से बन्धगाढता शिथित पड़ जाती है ॥ ५ ॥

तान् क्रमेणेति । बन्धस्य पदरचनाया गाढत्वं कनकशलाकावयवघटनवन्निबिडत्वम् । तत्र हेतवः—संयुक्ताक्षरत्वं, निरन्तररेफशिरस्कैर्वर्गाणां प्रथमद्वितीयैस्तृतीयचतुर्थैः प्रथमैस्तृतीयैश्च संयोगा विसर्जनीयजिह्वामूलीयोपध्मानीया गुर्वन्तता समासाश्चेत्येवमादयस्तरतमभावेनावस्थिताः। तत्रोदाहरणप्रत्युदाहरणे दर्शयति—यथेति । उभयत्र गाढत्वशैथिल्ये स्फुटे ॥ ५ ॥

शैथिल्यं प्रसादः ॥ ६ ॥

वन्धस्य शैथिल्यं शिथिलत्वं प्रसादः ॥ ६ ॥

हिन्दी—शैथिल्य का नाम प्रसाद है।

अर्थात् रचना का शैथिल्य या शिथिलत्व ही प्रसाद है ॥ ६ ॥

शैथिल्यमिति । अस्य वृत्तिः स्पष्टार्था ॥ ६ ॥

शिथिलत्वमोजोगुणविपर्ययरूपम् । तदात्मकत्वे प्रसादस्य दोषत्वमेव स्यादिति परशङ्कां पुरस्कृत्य तां पराकर्तुमुत्तरसूत्रमवतारयति—

नन्वयमोजोविपर्ययात्मा दोषः, तत् कथं गुण इत्याह—

गुणः संप्लवात् ॥ ७ ॥

गुणः प्रसादः । ओजसा सह संप्लवाद् ॥ ७ ॥

यहाँ प्रश्न उठता है कि ओज गुण का विपर्यय तो दोष होगा। तव यह गुण कैसे ? इसके उत्तर में कहते हैं—

प्रसाद गुण है, मिश्रित होने से।

अर्थात् प्रासद गुण है, ओज के साथ मिश्रित होने के कारण ॥ ७ ॥

नन्विति । संप्लवो मेलनम् । प्रसादो गुणो भवत्येव । ओजसा सह गुणेन संप्लवात् ॥ ७ ॥

न शुद्धः ॥ ८ ॥

शुद्धस्तु दोष एवेति ॥ ८ ॥

हिन्दी—शुद्ध तो गुण नहीं है।

अर्थात् शुद्ध प्रसाद तो दोष ही है ॥ ८ ॥

तदमिश्रं तु शैथिल्यं दोष एवेत्याह। शुद्धस्त्विति ॥ ८ ॥

ननु गाढत्वशैथिल्ययोस्तमःप्रकाशवद् विरुद्धस्वभावयोः संप्लव एव न सम्भवतीति शङ्कामनूद्यानन्तरसूत्रेणापवदितुमाह।

ननु विरुद्धयोरोजःप्रसादयोः कथं संप्लव इत्याह—

स त्वनुभवसिद्धः ॥ ९ ॥

स तु संप्लवस्त्वनुभवसिद्धः। तद्विदां रत्नादिविशेषवत्। अत्र श्लोकः—

करुणप्रेक्षणीयेषु संप्लवः सुखदुःखयोः।
यथाऽनुभवतः सिद्धस्तथैवौजःप्रसादयोः ॥ ९ ॥

हिन्दी—एक जगह परस्पर विरोधी ओज और प्रसाद का मिश्रण कैसे हो सकता है? उत्तर देते हैं—

वह तो अनुभव से सिद्ध है।

वह सम्प्लव (मिश्रण) तो उसको समझने वालों के लिए उसी तरह अनुभवसिद्ध है जिस प्रकार रत्नों की विशेषता का ज्ञान जौहरियों के लिए अनुभवसिद्ध है। इस प्रसङ्ग में एक श्लोक है—

करुण-रस-प्रधान नाटकों में परस्पर विरोधी सुख और दुःख का मिश्रण जैसे अनुभव से सिद्ध है उसी प्रकार परस्पर विरोधी ओज और प्रसाद का मिश्रण भी अनुभवसिद्ध है ॥ ९ ॥

नन्विति। व्याचष्टे स तु संप्लव इति। रत्नविशेषवत्। परीक्षानुभवसाक्षिक इत्यर्थः। विरुद्धयोरपि क्वचित् संप्लवः सम्भवतीत्यभियुक्तोक्तिमभिदर्शयति करुणेति। यानि करुणानि कारुण्यावहानि यानि मनोज्ञानि च वस्तूनि तेषु युगपदनुभूयमानेषु समसमयसमुत्पन्नयोः सुख-

दुःखयोः संप्लवो यथाऽनुभवतः स्वसंवेदनात् सिद्धस्तथौजःप्रसादयोरपि संप्लवः स्वसंवित्संवेद्यतया सिद्ध इति श्लोकार्थः ॥ ९ ॥

अत्रोजःप्रसादयोः साम्ये पर्यायतः प्रकर्षे च त्रिप्रकारो भवति । ते च प्रकारा अनुभवगम्या इति दर्शयितुमाह—

साम्योत्कर्षौ च ॥ १० ॥

साम्यमुत्कर्षश्चौजःप्रसादयोरेव । साम्यं यथा—'अथ स विषयव्यावृत्तात्मा यथाविधि सूनवे नृपतिककुदं दत्वा यूने सितातपवारणम्' । क्वचिदोजः प्रसादादुत्कृष्टम् । यथा—'व्रजति गगनं भल्लातक्याः फलेन सहोपमाम्' । क्वचिदोजसः प्रसादस्योत्कर्षः । यथा—'कुसुमशयनं न प्रत्यग्रं न चन्द्रमरीचयो न च मलयजं सर्वाङ्गीणं न वा मणियष्टयः' ॥ १० ॥

हिन्दी—(ओज और प्रसाद का मिश्रण ही नहीं उनका) साम्य तथा उत्कर्ष भी अनुभवसिद्ध है ।

ओज और प्रसाद के ही साम्य और उत्कर्ष भी सहृदयों के अनुभवसिद्ध हैं । साम्य का उदाहरण जैसे—

उसके बाद वह विषयों से विरक्त राजा दिलीप राज-चिह्न रूप श्वेतच्छत्र अपने युवक पुत्र को देकर (वन में चला गया) ।

कहीं-कहीं ओज प्रसाद से उत्कृष्ट होता है । जैसे—

आकाश भल्लातकी के फल सादृश्य को प्राप्त होता है ।

कहीं-कहीं ओज से प्रसाद का उत्कर्ष अधिक होता है । जैसे न नूतन पुष्प शय्या, न ज्योत्स्ना, न चन्दन का सर्वाङ्ग लेप और न मणियों के हारें ही वियोगियों के लिए सुखद हैं ॥ १० ॥

साम्योत्कर्षौ चेति । क्रमेण त्रिविधं प्रसादमुदाहृत्य दर्शयति साम्यं यथेति । विषयव्यावृत्तात्मेत्यादावोजः, यथाविधि सूनव इत्यादौ प्रसादः । भिन्नदेशयोरप्योजःप्रसादयोः परस्परच्छायाऽनुकारितया सम्प्लवः । उभयोरत्र साम्यं वेदितव्यम् । ओजसः प्रसादादुत्कर्षमुदाहरति व्रजतीति ।

भल्लातकी नाम वीरवृक्षः। 'वीरवृक्षोऽरुष्करोऽग्निमुखी भल्लातकी त्रिषु' इत्यमरः। कुसमशयनमित्यत्र प्रसादस्योत्कर्षो द्रष्टव्यः ॥ १० ॥

श्लेषं विशदयितुमाह—

मसृणत्वं श्लेषः ॥ ११ ॥

मसृणत्वं नाम यस्मिन् सन्ति बहून्यपि पदान्येकवद्भासन्ते। यथा—'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः'। न पुनः—'सूत्रं ब्राह्ममुरःस्थले। भ्रमरीवल्गुगीतयः। तडित्कलिलमाकाशम्' इति। एवं तु श्लेषो भवति 'ब्राह्मं सूत्रमुरःस्थले। भ्रमरीमञ्जुगीतयः। तडिज्जटिलमाकाशम्' इति॥११॥

हिन्दी—मसृणत्व (शब्दनिष्ठ चिक्कणता) श्लेष है।

मसृणत्व उसे कहते हैं जिसके होने पर बहुत से पद एक पद के समान प्रतीत होते हैं। जैसे—

उत्तर दिशा में देवतास्वरूप हिमालय नाम का नगाधिराज है।

यहाँ 'अस्ति उत्तरस्यां दिशि' आदि पद भिन्न हैं किन्तु पढ़ने के समय 'अस्त्युत्तरस्यां दिशि' उच्चरित होने से वे तीनों पद एक के समान प्रतीत होते हैं।

किन्तु निम्न शब्द-समुदाय में यह मसृणत्व नहीं है—वक्षःस्थल पर यज्ञोपवीत। भ्रमरियों का मधुर गान। विजली से देदीप्यमान आकाश। (इन तीनों उदाहरणों में एकपदवद्भासनात्मक मसृणत्व नहीं रहने से श्लेष नहीं है।) परन्तु थोड़ा पाठ-परिवर्त्तन कर 'ब्राह्मं सूत्रमुरःस्थले, भ्रमरीमञ्जुगीतयः, तडिज्जटिलमाकाशम्' ऐसा करने पर तो श्लेष हो जाता है॥ ११॥

मसृणत्वं श्लेष इति। मसृणत्वं विशिष्य दर्शयति यस्मिन्निति। यत्र हि व्यासेऽपि समासवदवभासः स श्लेषः। अस्त्युत्तरस्यामिति सामान्येनोदाहरणमुक्त्वा श्लेषस्य व्यतिरेकमुखेनान्वयमाविष्करोति न पुनरिति। सूत्रं ब्राह्ममुरःस्थले, भ्रमरीवल्गुगीतयः, तडित्कलिलमाकाशम् इत्यत्र श्लेषः पुनर्नास्तीति सम्बन्धः। सूत्रं ब्राह्ममित्यत्र परसवर्णेऽपि

परुषाक्षरोत्थानान्न श्लेषः। तर्हि कीदृशि विन्यासे श्लेषो भवतीत्यत आह—एवं त्विति। अस्य गुणस्य विपर्ययो विसन्धेर्वाक्यदोषस्य विश्लेषात्मा भेदः ॥ ११ ॥

समतां समाख्यातुमाह—

मार्गाभेदः समता ॥ १२ ॥

मार्गस्याभेदो मार्गाभेदः समता। येन मार्गेणोपक्रमस्तस्याऽत्याग इत्यर्थः। श्लोके प्रबन्धे चेति पूर्वोक्तमुदाहरणम्। विपर्ययस्तु यथा—प्रसीद चण्डि! त्यज मन्युमञ्जसा जनस्तवाऽयं पुरतः कृताञ्जलिः। किमर्थमुत्कम्पितपीवरस्तनद्वयं त्वया लुप्तविलासमास्यते ॥ १२ ॥

हिन्दी—(आदि से अन्त तक) रचना-शैली का अभेद समता है।

मार्ग अर्थात् रचना-शैली का अभेद ही मार्गाभेद है और उसे ही समता कहते हैं। जिस मार्ग से रचना का आरम्भ किया जाए, उसका अन्त तक परित्याग न करना ही समता का अर्थ है। (यह एक शैली का अन्त तक अनुसरण) श्लोक तथा प्रबन्ध काव्य, दोनों में अपेक्षित है। पूर्वोक्त (अस्त्युत्तरस्यां दिशि) उदाहरण है। प्रत्युदाहरण जैसे—

हे चण्डि! प्रसन्न हो जाओ, तुम्हारा यह सेवक हाथ जोड़ सामने खड़ा है। क्रोध छोड़ दो। हिलते हुए बड़े-बड़े स्तनों के साथ तुम सौन्दर्य तथा विलास से रहित होकर क्यों बैठी हो?

(यहाँ श्लोक के पूर्वार्द्ध में कर्तृवाच्य तथा उत्तरार्द्ध में भाववाच्य के प्रयोग के कारण रचना-शैली में भेद हो जाने से समता गुण नहीं है।) ॥ १२ ॥

मार्गाभेद इति। आदिमध्यावसानेष्वैकरूप्यं समतेत्यर्थः। तस्या विषयं दर्शयति श्लोके प्रबन्धे चेति। किमत्रोदाहरणमिति चेदाह पूर्वोक्तमिति। अस्त्युत्तरस्यामित्यादि। प्रत्युदाहरणमाह—विपर्ययस्त्विति। प्रसीद त्यजेति कर्तृवाचितया प्रक्रान्तस्य मार्गस्यास्यत इत्यत्र त्यागान्न समता ॥ १२ ॥

पञ्चमगुणं प्रपञ्चयितुमाह—

आरोहावरोहक्रमः समाधिः ॥ १३ ॥

आरोहावरोहयोः क्रम आरोहावरोहक्रमः समाधिः परिहारः। आरोहस्यावरोहे सति परिहारः, अवरोहस्य वाऽऽरोहे सतीति। तत्रारोहपूर्वकोऽवरोहो यथा—'निरानन्दः कौन्दे मधुनि परिभुक्तोज्झितरसे'। अवरोहपूर्वस्त्वारोहो यथा—'नराः शीलभ्रष्टा व्यसन इव मज्जन्ति तरवः'। आरोहस्य क्रमोऽवरोहस्य च क्रम आरोहावरोहक्रमः। क्रमेणारोहणमवरोहणं चेति केचित्। यथा-'निवेशः स्वःसिन्धोस्तुहिनगिरिवीथीषु जयति' ॥ १३ ॥

हिन्दी—आरोह और अवरोह (अर्थात् चढ़ाव और उतार) को समाधि (गुण) कहते हैं।

अरोह और अवरोह का क्रम ही आरोहावरोहक्रम है। समाधि परिहार ही है। आरोह का अवरोह होने पर अथवा अवरोह का आरोह होने पर परिहार रूप समाधि गुण होता है। आरोह के बाद आवरोह, जैसे—

रसास्वादन के वाद परित्यक्त कुन्दपुष्प के मधु में आनन्द का अनुभव नहीं करनेवाला।

(दीर्घ तथा गुरु स्वर-समुदाय आरोह है तथा लघु स्वरसमुदाय अवरोह है। उपर्युक्त उदाहरण गत 'कौन्दे' में आरोह है और लघुस्वरयुक्त 'मधूनि' में अवरोह है। इस तरह यहाँ आरोह का अवरोह होने से समाधि गुण हुआ।)

अवरोह के बाद आरोह, जैसे—

शीलभ्रष्ट पुरुषों के व्यसन में डूबने के समान वृक्ष जल में डूब रहे हैं। (यहाँ 'नराः' में लघु स्वरादि होने के कारण अवरोह है और उसके बाद 'शीलभ्रष्टा' में दीर्घ एवं गुरु स्वरों के प्रयोग के कारण आरोह है। अतः यहाँ अवरोहपूर्वक आरोह है।)

आरोह का क्रम तथा अवरोह का क्रम, इस तरह समास करने पर

'आरोहावरोहक्रम' हुआ। क्रमशः आरोह तथा अवरोह हो, यह भी कुछ लोग कहते हैं। जैसे—

हिमालय के मार्गों में गंगा का प्रवाह सुशोभित हो रहा है ॥ १३ ॥

आरोहवारोहक्रम इति। अत्र स्वाभिमतं तावदेकमर्थं लक्षणवाक्यस्य समर्थयते समाधिः परिहार इति। अवरोहे प्रवर्तमाने सत्यारोहस्य प्रवृत्तस्य परिहारः परित्यागः। आरोहे च सत्यवरोहस्य परिहारः आरोहावरोहयोर्विरुद्धत्वेन यौगपद्यासम्भवादिति भावः। दीर्घादिगुर्वक्षरप्राचुर्ये, आरोहः। लघ्वादिशिथिलप्रायत्वे चावरोह इति द्रष्टव्यम्। तथा चारोहपूर्वकोऽवरोहः, क्वचिदवरोहपूर्वक आरोह इति समाधेर्द्वैविध्यमुक्तं भवति। तत्राद्यमुदाहरति। आरोहपूर्वक इति। निरानन्दः कौन्द इत्यत्र गुर्वक्षरबाहुल्यादारोहः। मधुनीत्यत्र लघ्वक्षरप्राचुर्यादवरोहः। द्वितीयमुदाहरति—अवरोहपूर्वक इति। नरा इत्यत्र शैथिल्यादवरोहः। शीलभ्रष्टा इत्यत्र गुर्वक्षरप्रचुरत्वादारोहः। अस्यैव लक्षणवाक्यस्यान्यैरभिहितमर्थमभ्यनुजिज्ञासुरनुवदति आरोहस्य क्रम इति। निःश्रेणिकारोहावरोहन्यायेन क्रमेणारोहणं, क्रमेण चावरोहणमिति लक्षणवाक्यार्थः। उदाहरति निवेश इति। निवेशः स्वःसिन्धोरित्यत्र निःश्रेणिकाक्रमेणारोहः। तुहिनगिरीत्यत्रावरोहः ॥ १३ ॥

ननु लक्षणवाक्यार्थपर्यालोचनया समाधेरोजःप्रसादानतिरेकान्न पृथक्त्वमिति शङ्कामङ्कुरयितुमुत्तरसूत्रमुपक्षिपति—

न पृथगारोहावरोहयोरोजःप्रसादरूपत्वात् ॥ १४ ॥

न पृथक्समाधिर्गुणः। आरोहावरोहयोरोजःप्रसादरूपत्वात्। ओजोरूपश्चारोहः प्रसादरूपश्चावरोह इति ॥ १४ ॥

हिन्दी—आरोह और अवरोह के क्रमशः ओज और प्रसाद स्वरूप होने के कारण समाधि (कोई) पृथक् गुण नहीं है।

समाधि (कोई) पृथक् गुण नहीं है क्योंकि समाधि के आधारभूत आरोह और अवरोह क्रमशः ओजः स्वरूप और प्रसादस्वरूप हैं। ओजोरूप आरोह तथा प्रसादरूप अवरोह हैं। (इस तरह समाधि पृथक् गुण नहीं है) ॥१४॥

न पृथगिति । व्याचष्टे । न पृथक् समाधिरिति ॥ १४ ॥

आरोहावरोहावोजःप्रसादरूपौ न भवतः । असम्पृक्तत्वात् । अतः परस्परच्छायानुकारितया सम्पृक्तयोरोजःप्रसादयोर्न समाधिरन्तर्भवतीत्यभिसन्धाय सिद्धान्तसूत्रं व्याचष्टे—

न संपृक्तत्वात् ॥ १५ ॥

यदुक्तमोजःप्रसादरूपत्वमारोहावरोहयोस्तन्न । संपृक्तत्वात् । संपृक्तौ खल्वोजःप्रसादौ नदीवेणिकावद् वहतः ॥ १५ ॥

हिन्दी—(इस पूर्व पक्ष के खण्डन में कहा गया है) नहीं, (समाधि गुण में ओज तथा प्रसाद के) सम्मिश्रण से ।

यह जो कहा गया है कि आरोह और अवरोह का क्रमशः ओजरूपत्व और प्रसादरूपत्व है (और इन दोनों से युक्त समाधि कोई पृथक् गुण नहीं है) सो ठीक नहीं है क्योंकि समाधि में उक्त दोनों गुणों का सम्मिश्रण होता है । नदी की सहप्रवहिणी दो धाराओं के समान ओज और प्रसाद दोनों समाधि गुण मिश्रित रूप में रहते हैं ॥ १५ ॥

यदुक्तमिति । संपृक्तत्वं सदृष्टान्तमुपपादयति—संपृक्तौ खल्विति । संपृक्तसरिद्द्वयसलिलन्यायेन संपृक्तावोजःप्रसादाविति । तद्विलक्षणयोरारोहावरोहयोः संपृक्तत्वव्यतिरेकादसंपृक्तत्वहेतोरसिद्धिरुद्धृता ॥

ननु, न केवलं नदीद्वयवेणिकान्यायेनौजःप्रसादयोः साम्येनाऽवस्थितिः, किन्तु साम्योत्कर्षौ चेत्युक्तत्वात् समुद्गकस्थमणिप्रभासमूहन्यायादुच्चावचभावेन स्थितिः । तस्मिन् पक्षे कथमयं समाधिः पृथग्गुण इति शङ्कामपनेतुमाह—

अनैकान्त्याच्च ॥ १६ ॥

न चायमेकान्तः । यदोजस्यारोहः प्रसादे चावरोहः ॥१६॥

हिन्दी—ओज में आरोह और प्रसाद में अवरोह का होना ऐकान्तिक सत्य नहीं है । आरोह और अवरोह के अभाव में भी क्रमशः ओज और प्रसाद गुण पाए जाते हैं । इस तरह आरोह और अवरोह में क्रमशः ओज और

प्रसाद के अनैकान्तिक होने के कारण आरोहावरोहक्रम रूप समाधि का पृथक् अस्तित्व न्यायसंगत है। इसी के समर्थन में कहा गया है—

अनैकान्तिक होने से भी।

ओज और प्रसाद में क्रमशः आरोह और अवरोह का होना ऐकान्तिक नहीं है॥ १६॥

अनैकान्त्याच्चेति। ओजःप्रसादयोरारोहावरोहसाहचर्यनियमो न सम्भवति। व्यभिचारात्। व्यभिचारस्तु 'उद्गच्छदच्छमुमगच्छविगुच्छकच्छम्' इत्यादौ। 'यतो यतो निवर्तते ततस्ततो विमुच्यते' इत्यादौ च, आरोहशून्यस्यौजसः, अवरोहशून्यस्य प्रसादस्य च स्थितत्वादित्यभिप्रायः॥ १६॥

नन्वारोहावरोहावोजःप्रसादयोरवस्थाविशेषौ स्यातामतो न पृथक् समाधिरिति यदि चोद्यते, तर्हि समाधेर्दत्तो हस्तावलम्ब इति दर्शयितुमनन्तरसूत्रमवतारयति—

ओजःप्रसादयोः क्वचिद्भागे तीव्रावस्थायां
ताविति चेदभ्युपगमः॥ १७॥

ओजःप्रसादयोः क्वचिद्भागे तीव्रावस्थायामारोहोऽवरोहश्चेत्येवं चेन्मन्यसे, अभ्युपगमः—न विप्रतिपत्तिः॥ १७॥

हिन्दी—ओज और प्रसाद के किसी भाग में तीव्रावस्था होने पर क्रमशः आरोह और अवरोह होते हैं, सर्वत्र ओज और प्रसाद मात्र में नहीं। इस तरह समाधि का पृथक् अस्तित्व स्वीकार है।

ओज और प्रसाद में किसी भाग में तीव्रावस्था होने पर क्रमशः आरोह और अवरोह होता है। यदि ऐसा कहा जाए तो समाधि का पृथक् अस्तित्व स्वीकार है। इसमें कोई आपत्ति नहीं है॥ १७॥

ओजःप्रसादयोः क्वचिद्भाग इति। शङ्कां सङ्कलय्य दर्शयति। ओजःप्रसादयोरिति॥ १७॥

परोक्तस्याभ्युपगमे पर्यवसितमर्थं समर्थयितुमाह—

विशेषापेक्षित्वात्तयोः॥ १८॥

स विशेषो गुणान्तरात्मा ॥ १८ ॥

हिन्दी—ओज तथा प्रसाद गुणों में उन दोनों आरोह और अवरोह की नियत स्थिति को विशेष कारण या निमित्त की अपेक्षा होने से।

वह विशेष कारण गुणस्वरूप ही है ॥ १८ ॥

विशेषेति। विशेषस्तीव्रावस्थात्मा। तमपेक्षितुं शीलमनयोरिति विशेषापेक्षिणौ तयोर्भावस्तत्त्वं तस्मात्। आरोहावरोहाभ्यामोजःप्रसादयोस्तीव्रावस्था हि स्वनिमित्तत्वेनापेक्षिता। सोऽयमोजःप्रसादव्यतिरेकेण समाधिरन्यो गुण इति सूत्रार्थः ॥ १८ ॥

नन्वमुमर्थमभिधातुं समाधिलक्षणवाक्यं न क्षमत इत्याशङ्क्य गौणवृत्तिराश्रयणीयेत्याह—

आरोहावरोहनिमित्तं समाधिराख्यायते ॥ १९ ॥

आरोहावरोहक्रमः समाधिरिति गौण्या वृत्त्या व्याख्येयम् ॥१९॥

हिन्दी—आरोह और अवरोह का निमित्त ही समाधि नामक गुण कहा जाता है।

अरोह और अवरोह का क्रम समाधि है इस लक्षणगत क्रम शब्द की व्याख्या गौणी वृत्ति (लक्षणा) से निमित्तार्थ परक मानकर करनी चाहिए ॥ १९ ॥

आरोहावरोहेति। क्रमपदेन तन्निमित्तं लक्ष्यत इत्यर्थः ॥ १९ ॥

ननु पुनरवस्थाऽवस्थावतो यदा न भिद्यते तदा तीव्रावस्था ओजःप्रसादात्मिकैव भवति। यद्यपि, यद् यदोजस्तत्तदारोह इति नास्ति नियमः, तथापि यो य आरोहस्तत्तदोज इति भवति। ततः सत्यं न समाधिना प्रसादः स्वीक्रियते, प्रसादेन च समाधिः संगृह्यत एवेति किमर्थमस्योपादानमित्यत आह—

क्रमविधानार्थत्वाद्वा ॥ २० ॥

पृथक्करणमिति। पाठधर्मत्वं च न सम्भवतीति 'न पाठधर्माः सर्वत्रादृष्टेः' इत्यत्र वक्ष्यामः ॥ २० ॥

हिन्दी—अथवा आरोह और अवरोह में क्रम विधान के लिए समाधि एक पृथक् गुण माना जाता है ।

आरोह और अवरोह के स्थलों में धीरे-धीरे (क्रम से) आरोहण और अवरोहण के उद्‌बोध होने के कारण ओज तथा प्रसाद से समाधि को पृथक् किया गया है ।

आरोह और अवरोह का क्रमिक उद्‌बोधन पाठ का धर्म है यह काव्य गुण नहीं हो सकता, इस पूर्व पक्ष के खण्डन में वृत्तिकार 'न पाठधर्माः सर्वत्रादृष्टेः' सूत्र में कहेंगे ॥ २० ॥

क्रमविधानेति । नात्र क्रमः परस्परम् । अपि तु क्रमेणारोहणं क्रमेणाऽवरोहणमित्येवरूपः क्रमो ज्ञेयः । नन्वारोहावरोहक्रमः पाठधर्मः किन्न स्यादिति चोद्यं, वक्ष्यमाणयुक्त्या विघटितमित्याह । पाठधर्मत्वं चेति ॥ २० ॥

माधुर्यमवधारयितुमाह—

पृथक्पदत्वं माधुर्यम् ॥ २१ ॥

बन्धस्य पृथक्पदत्वं यत् तन्माधुर्यम् पृथक्पदानि यस्य स पृथक्पदः । तस्य भावः पृथक्पदत्वम् । समासदैर्घ्यनिवृत्तिपरं चैतत् । पूर्वोक्तमुदाहरणम् । विपर्ययस्तु यथा—'चलितशबरसेनादत्तगोशृङ्गचण्डध्वनिचकितवराहव्याकुला विन्ध्यपादाः' ॥ २१ ॥

हिन्दी—रचनागत पदों की पृथक्ता को माधुर्य गुण कहते हैं ।

रचनागत पदों की जो पारस्परिक पृथक्ता है वही माधुर्य है । जिसके पद पृथक् पृथक् हैं वह पृथक्पद हुआ और उसका भाव पृथक्पदत्व हुआ । यह गुण दीर्घ समासयुक्त रचना का निषेधक है । पूर्वोक्त रचना अर्थात् 'अस्त्युत्तरस्यां दिशि' इत्यादि इसके उदाहरण हैं । विपरित उदाहरण यथा—

चलती हुई शबरसेना द्वारा बजाए गए गोशृङ्ग नामक वाद्य विशेष की तीव्र ध्वनि से चकित बराहों से व्याकुल विन्ध्याचल की खाड़ियाँ हैं ॥ २१ ॥

पृथक्पदत्वमिति । सूत्रार्थं विविङ्क्त । बन्धस्येति । अव्याप्ति परिहरति समासदैर्घ्यनिवृत्तिपरमिति । पूर्वोक्तमिति । अस्त्युत्तरस्यामित्याद्युदाहरणम् । प्रत्युदाहरणमाह विपर्ययस्त्विति । समासपददैर्घ्याद्विपर्ययः । दत्तं घृतम् ॥ २१ ॥

सौकुमार्यं पर्यालोचयितुमाह—

अजरठत्वं सौकुमार्यम् ॥ २२ ॥

बन्धस्याजरठत्वमपारुष्यं यत् यत् सौकुमार्यम् । पूर्वोक्तमुदाहरणम् । विपर्ययस्तु यथा—

'निदानं निर्द्वैतं प्रियजनसदृक्त्वव्यवसितिः ।
सुधासेकप्लोषौ फलमपि विरुद्धं मम हृदि' ॥ २२ ॥

हिन्दी—रचनागत अकठोरता सौकुमार्य गुण है ।

रचना की जो अकठोरता अर्थात् पारुष्यहीनता है वही सौकुमार्य है। पूर्वोक्त रचना अर्थात् 'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा' इत्यादि पद्य इसका उदाहरण है। विपरीत उदाहरण यथा—

प्रिय जन के सदृश रूप ही स्मृति और वियोग के उद्दीपन के कारण हैं। स्मृति से ही सुधा-सिञ्चन तथा वियोग से ही दाह ये दो तरह के फल मेरे हृदय में उत्पन्न होते हैं ॥ २२ ॥

अजरठत्वं सौकुमार्जमिति । बन्धस्याजरठत्वं कोमलत्वं श्रुतिसुखत्वमिति यावत् । पूर्वोक्तमिति । अस्त्युत्तरस्यामित्याद्युदाहरणम् । प्रत्युदाहरणमाह—विपर्ययस्त्विति । सौकुमार्यस्य पिपर्ययः कष्टत्वभिन्नवृत्तत्वे । निर्द्वैतं संशयाभावः । अत्र निर्द्वैतमिति कष्टम् ॥ २२ ॥

उदारतामुदीरयितुमाह—

विकटत्वमुदारता ॥ २३ ॥

बन्धस्य विकटत्वं यदसावुदारता । यस्मिन् सति नृत्यन्तीव पदानीति जनस्य वर्णभावना भवति तद्विकटत्वम् । लीलायमानत्वमित्यर्थः । यथा—

स्वचरणविनिविष्टैर्नूपुरैर्नर्तकीनां
झणिति रणितमासीत् तत्र चित्रं कलं च ।

नपुनः—

चरणकमललग्नैर्नूपुरैर्नर्तकीनां
झटिति रणितमासीन्मञ्जुचित्रं च तत्र ॥ २३ ॥

हिन्दी—रचना की विकटता उदारता है ।

रचना की जो विकटता है वह उदारता है । जिसके होने पर लोगों की भावना होती है कि रचनागत पद नाच से रहे हैं वह विकटत्व है । वर्णों का नृत्य अर्थात् लीलायमानत्व ही विकटत्व का अर्थ है । जैसे—

वहाँ नर्तकियों के अपने पैरों में पहने हुए नूपुरो से विचित्र और सुन्दर आवाज निकलने लगी ।

